# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

**पत्रांक: आर०एम०पी०यू०/1342/2026** **दिनांक: 17 अगस्त, 2026**

**आवश्यक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर तथा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2026-27 में विभिन्न पाठ्यक्रमों, जिसमें बी०एड० पाठ्यक्रम भी सम्मिलित है, में प्रवेश हेतु समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया की पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि को माननीय कार्यपरिषद के अनुमोदन दिनांक-17/08/2026 के क्रम में दिनांक 18/08/2026 से दिनांक 22/08/2026 तक विस्तारित किया जाता है।

उक्त तिथि का विस्तार अंतिम रूप से किया जा रहा है। अतः विश्वविद्यालय परिसर एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के प्रवेश समन्वयक/कोऑर्डिनेटर को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने स्तर से प्रवेशार्थियों की पंजीकरण प्रक्रिया को पूर्ण कराते हुए रिक्त सीटों के सापेक्ष पंजीकरण की प्रक्रिया दिनांक 22/08/2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।साथ ही, समस्त प्रवेश समन्वयकों/कोऑर्डिनेटरों को निर्देशित किया जाता है कि पंजीकृत अभ्यर्थियों के प्रवेश की Admission Granted प्रक्रिया दिनांक 27/08/2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें। दिनांक 27/08/2026 के पश्चात किसी भी प्रकार की Admission Granting स्वीकार नहीं की जाएगी तथा इसके लिए संबंधित महाविद्यालय/प्रवेश समन्वयक स्वयं उत्तरदायी होंगे।

इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि शैक्षिक सत्र 2026-27 में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं की कक्षाएं निर्धारित मानकों एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अकादमिक व्यवस्था (न्यूनतम 90 दिन की कक्षाएँ) के अनुसार नियमित एवं अतिरिक्त कक्षाओं के रूप से संचालित कराना सुनिश्चित करें,जिससे निर्धारित पाठ्यक्रम/सिलेबस को समयान्तर्गत पूर्ण कराया जा सके तथा छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक हित प्रभावित न हों ।

सम्बद्ध महाविद्यालय यह भी सुनिश्चित करेंगे कि नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं की कक्षाओं के संचालन एवं निर्धारित पाठ्यक्रम के समयान्तर्गत पूर्ण कराये जाने की प्रगति से संबंधित सूचना विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराई जाए। इस संबंध में महाविद्यालयों द्वारा आवश्यक अभिलेख/सूचना विश्वविद्यालय द्वारा मांगे जाने पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

अतः समस्त संबंधित अभ्यर्थियों एवं महाविद्यालयों से अपेक्षा है कि निर्धारित अंतिम तिथियों का कड़ाई से अनुपालन करते हुए प्रवेश प्रक्रिया एवं शैक्षणिक कार्य को समयान्तर्गत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथियों के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा अथवा अनुरोध स्वीकार्य नहीं होगा।

**(प्रबुद्ध सिंह)**
**कुलसचिव**

**प्रतिलिपि :-**

**निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. निजी सचिव, मा० कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. प्रभारी, वेबसाइट इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. प्रभारी, समर्थ पोर्टल आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. कार्यालय प्रति।

**(प्रबुद्ध सिंह)**
**कुलसचिव**